**कार्यवाही** | 14 प्रकरणों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं 70 पंचायत सचिव शामिल

# 84 लोक सेवकों पर 70 हजार का जुर्माना

**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** जिले के 84 पदाभिहित अधिकारियों पर समय से कार्य नहीं करने पर 14 प्रकरणों में जिले के चारो तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों सहित 70 पंचायत सचिवों पर कुल 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया हैं।

उक्त जुर्माना राशि जमा करा कर चालान की एक प्रति जारी आदेश के तीन दिवस के भीतर कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन विभाग कार्यालय में जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत अधिसूचित सेवाओं को समय-सीमा के भीतर निराकरण करना है।




### समय-सीमा में सेवा प्रदाय करने में रहे विफल

पदाभिहित अधिकारियों (लोक सेवकों) द्वारा समय-सीमा में सेवा प्रदाय नहीं करना मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारण्टी अधिनियम 2010 की धारा 5 (1), (2) का उल्लंघन है। अधिनियम के विहित प्रावधान अनुसार पदाभिहित अधिकारियों द्वारा अधिसूचित सेवाओं का लाभ समय-सीमा में प्रदाय करने में विफल रहे हैं।

### मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनाया

कलेक्टर हर्षल पंचोली के आदेशानुसार अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 की धारा 7 (1) (क) के तहत जन्म प्रमाण पत्र बनाने में देरी करने वाले पंचायत सचिव में विकासखंड अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी एवं पुष्पराजगढ़ के 38 पंचायत सचिव, मृत्यु प्रमाण पत्र समय से नहीं बनाने 18 पंचायत सचिवो पर 500 से लेकर 2000 तक का जुर्माना लगाया गया है।

### जन्म के एक वर्ष बाद पंजीयन की अनुमति नहीं दी


इसी प्रकार से जन्म के एक वर्ष पश्चात पंजीयन के लिए अनुमति नहीं देने पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों पर भी जुर्माना लगाया गया है। विवाह पंजीयन नहीं करने पर 12 पंचायत सचिव पर जुर्माना एवं आवेदकों की आयु का चिकित्सीय सत्यापन समय पर नहीं करने पर दो चिकित्सकों पर भी जुर्माना लगा है। कुल 84 पदाभिहित अधिकारियों पर 70 हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ आज दिलाई जाएगी

**अनूपपुर नवभारत।** जिले में 24 एवं 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 23 जनवरी को प्रातः 11 बजे दिलायी जायेगी। इसमें देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली जायेगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय ने सर्व संबंधित अधिकारियों को शपथ कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# हाथियों के झुंड ने मकानों में की तोड़फोड़

**वन विभाग अलर्ट, तीन हाथियों ने धनगवां के छुलहा गांव में जमाया डेरा**



**अनूपपुर 22 जनवरी।** जिले में तीन हाथियों के एक झुंड ने बुधवार-गुरूवार की रात्रि दो ग्रामीणों के मकानों को क्षतिग्रस्त कर खेत एवं बाड़ियों में लगी विभिन्न तरह के फसलों को अपना आहार बनाया है। झुंड जैतहरी वन परिक्षेत्र के पचौहा ग्राम पंचायत पाठबाबा के जंगल से निकलकर अब अनूपपुर वन परिक्षेत्र के छुलहा गांव पहुंच गया है। जनहानि की आशंका को देखते हुए वन विभाग अलर्ट पर है।

बताया गया है कि तीनों हाथी देर रात कुसुमहाई, टकहुली, चांदपुर, गुंवारी और अमगवां गांव से होते हुए गुरुवार सुबह छुलहा गांव पहुंचे। जहां वह प्राथमिक स्कूल और गोंडान टोला के पीछे लेंटाना की झाड़ियों के बीच विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र और स्कूल के पास पहुंचने की सूचना पर अनूपपुर वन परिक्षेत्र के वनकर्मियों ने आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया है। ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने और सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।

### लगातार की जा रही हाथियों की निगरानी

अनूपपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह ने बताया कि जैतहरी में हुई जनहानि की घटना को देखते हुए वन विभाग की टीम लगातार हाथियों पर निगरानी रख रही है। अधिकारियों ने हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से दूर जंगल की ओर भगाने का प्रयास करने की बात कही है। ग्रामीणों को शाम के बाद जंगल की ओर न जाने, घर के बाहर न रहने, स्वयं और बच्चों की निगरानी करने तथा हाथी दिखने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी गई है।

# पोषण आहार का समय पर कराएं वितरण

**जिला पंचायत सीईओ ने की योजनाओं की समीक्षा**



**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** जिला पंचायत अनूपपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने महिला बाल विकास विभाग के योजना की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार का समय पर वितरण करने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा पोषण ट्रैकर एप पर अपार एवं आभा आईडी में प्रविष्टि, पोषण पुनर्वास केन्द्रो में बच्चों की भर्ती, हितग्राहियो का समग्र सत्यापन, लाड़ली लक्ष्मी योजना छात्रवृत्ति वितरण, सेम एवं मैंम बच्चों का सत्यापन तथा उन्हें आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराने एवं एनआरसी में भर्ती करने के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा तथा जिले के पर्यवेक्षकगण उपस्थित थे।

### गंभीर कुपोषित बच्चों का करें पंजीयन

जिला पंचायत की सीईओ अर्चना कुमारी ने मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों का पंजीयन कर उन्हें आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टाप सेंटर, आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की गई।

## अमरकंटक में निर्झरणी महोत्सव कल आयोजित होगा

**अनूपपुर नवभारत।** मां नर्मदा की पावन जन्म स्थली अमरकंटक में दो दिवसीय माँ नर्मदा महोत्सव का आयोजन 24 एवं 25 जनवरी को होगा। महोत्सव में मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में तथा जिला प्रशासन अनूपपुर एवं श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक के सहयोग से निर्झरणी महोत्सव का आयोजन 24 जनवरी को शाम 5 बजे से मां नर्मदा के रामघाट में किया जाएगा। निर्झरणी महोत्सव में बैगा जनजाति द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति डिण्डौरी जिले के अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी, गोंड़ जनजाति द्वारा गुदुम बाजा नृत्य की प्रस्तुति अनूपपुर जिले के शिवप्रसाद धुर्वे एवं साथी तथा छत्तीसगढ़ी लोकगायन की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के संजीवन टांडिया एवं साथी द्वारा दी जाएगी।

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध : जायसवाल

**कन्या विद्यालय में 62 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित**



**बिजुरी नवभारत 22 जनवरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी में संकुल स्तरीय निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ नगरपालिका परिषद बिजुरी के अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, सहित पार्षदगण एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा, महामंत्री कैलाश कोल, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा, सहित कई पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंत्री दिलीप जायसवाल के करकमलों से 62 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिल का वितरण किया गया। साईकिल पाकर छात्राओं के चेहरों पर उत्साह और खुशी देखने को मिली।

### बाउंड्रीवाल निर्माण की दी स्वीकृति

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग रखी गई। मंत्री दिलीप जायसवाल ने शिक्षकों की मांग को गंभीरता से लेते हुए न केवल विद्यालय की बाउंड्रीवाल निर्माण की स्वीकृति दी, बल्कि सांस्कृतिक मंच निर्माण कराने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शासन प्रतिबद्ध है।

## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री अहिरवार अमरकंटक नर्मदा महोत्सव में होंगे शामिल



**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार तीन दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में अमरकंटक नर्मदा महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस में ध्वज फहराएंगे तथा समारोह में सम्मिलित होंगे। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार 23 जनवरी की रात्रि 8 बजे अनूपपुर पहुंचेंगे। 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे गुरू द्रोणाचार्य स्टेडियम कोतमा में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सम्मिलित होंगे। अमरकंटक में शाम 7 बजे मां नर्मदा की महाआरती में सम्मिलित होंगे तथा रात्रि 8 बजे सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए 200 तीर्थ यात्री विशेष ट्रेन से रवाना

**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत ''द्वारिका-सोमनाथ'' तीर्थस्थान की यात्रा के लिये बुधवार की रात्रि अनूपपुर रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन ट्रेन को राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को एक तीर्थस्थान की निःशुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है। इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को निःशुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है। इस योजना के तहत जिले के 200 बुजुर्गों को 21 जनवरी को ''द्वारिका-सोमनाथ'' की तीर्थयात्रा का अवसर प्राप्त हुआ। यह विशेष ट्रेन 27 जनवरी को जिले में वापस आएगी।

### वार्ड में आरसीसी नाली निर्माण की मांग



**पूर्व पार्षद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 2 में लंबे समय से जर्जर नाली की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अनूपपुर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने वार्ड में लगभग 400 मीटर लंबी आरसीसी नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 2 में मनमुख लाल के घर से बिजली ऑफिस तक की नाली करीब 40 वर्ष पुरानी हो चुकी है, जो पूरी तरह क्षतिग्रस्त अवस्था में है। नाली के टूटे होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### प्रस्ताव पूर्व में भी स्वीकृत हो चुका है

उन्होंने ज्ञापन में उल्लेख किया कि उक्त नाली निर्माण का प्रस्ताव पूर्व में भी स्वीकृत हो चुका है, इसके बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। जनहित को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बारिश के पूर्व समस्या का स्थायी समाधान हो सके। स्थानीय नागरिकों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए नगर पालिका प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

# बंगाली समाज का मां सरस्वती पूजन आज

**मां सरस्वती की आराधना से प्राप्त होता है सही मार्ग का बोध**



**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** विद्या, बुद्धि, विवेक और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पावन पूजन का आयोजन बंगाली समाज द्वारा श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ 23 जनवरी को आदर्श दक्षिण पूर्व रेलवे अनूपपुर के प्रांगण में किया जाएगा।

यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक होगा, बल्कि ज्ञान, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के प्रसार का भी सशक्त माध्यम बनेगा। मां सरस्वती का पूजन आध्यात्मिक दृष्टि से अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान के प्रकाश की स्थापना का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां सरस्वती की आराधना से बुद्धि का विकास, वाणी में मधुरता, विचारों में शुद्धता और जीवन में सही मार्ग का बोध प्राप्त होता है। विशेष रूप से विद्यार्थियों, शिक्षकों, कलाकारों और साहित्य प्रेमियों के लिए यह पूजन अत्यंत फलदायी माना गया है।

### युवा पीढ़ी को शिक्षा का महत्व बताया जाएगा

धार्मिक महत्व की दृष्टि से मां सरस्वती को वेदों, शास्त्रों, संगीत और कला की जननी माना गया है। बंगाली समाज में सरस्वती पूजन की परंपरा सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है, जिसे समाज द्वारा सामूहिक रूप से निभाया जाता है। इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के महत्व से जोड़ा गया। बंगाली समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं।

## विद्यार्थियों और स्टाफ को दी यातायात नियमों की जानकारी

नवभारत, जबलपुर। कैंटोनमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, कटंगा, गोरखपुर में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत लगभग 350 छात्र-छात्राओं और स्टाफ को यातायात संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढ़ा बैजनाथ प्रजापति एवं सूबेदार वीरेंद्र आरख ने दिया। कार्यक्रम में आरक्षक नितिन यादव और आरक्षक अवध पटेल भी उपस्थित रहे। टू-व्हीलर में हेलमेट और फोर-व्हीलर में सीट बेल्ट पहनने जैसी सावधानियों के साथ शासन की राहवीर योजना और कैशलेस योजना की मेडिकल सुविधाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों के लिए यातायात ज्ञान पर प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया।




# खेलो एमपी यूथ गेम्स की निकली टॉर्च रैली

**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** जिले में खेलो एमपी यूथ गेम्स टॉर्च रैली 2026 का आयोजन किया गया। कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगनाथ मरकाम के मार्गदर्शन में यह टॉर्च रैली 21 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम अनूपपुर से प्रारंभ होकर मारुति हनुमान मंदिर अनूपपुर तक निकाली गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला खेल प्रशिक्षक रामचंद्र यादव, सहायक ग्रेड-3 कमलकांत साहू के सहयोग से आयोजक दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ब्लॉक समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भोपाल संचनालय के निर्देशानुसार लगाए गए ड्यूटी क्रम में जितेंद्र भेदे एवं राकेश भांडे द्वारा लाई गई टॉर्च (मशाल) का अनूपपुर में स्वागत किया गया। यह मशाल पूरे मध्य प्रदेश के जिलों में भ्रमण कर रही है।

### टॉर्च रैली का समापन 31 को भोपाल में होगा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना कोतवाली के नगर निरीक्षक अरविंद जैन रहे। इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक पुलिस कंट्रोल रूम चंद्रभान सिंह तथा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की शिक्षिका कौशल्या जी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह टॉर्च रैली पूरे मध्य प्रदेश में आयोजित की जा रही है, जिसका समापन 31 जनवरी को भोपाल में होगा।

# किसानों दी गई बागवानी की तकनीकी जानकारी



**अनूपपुर नवभारत 22 जनवरी।** मनरेगा योजना अंतर्गत एक बगिया मां के नाम परियोजना के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के स्वसहायता भवन में आज बगिया बचाओ, समृद्धि पाओ की थीम पर विकासखण्ड स्तरीय कृषक अनुभव शेयरिंग कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं सृजन संस्था द्वारा किया गया। इसमें पौधरोपण, पौधों की सुरक्षा एवं परियोजना में ड्रिप इरिगेशन आदि की जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ देने के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के दौरान किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। बागवानी एवं विकास से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्राप्त की तथा भविष्य में आय में बढ़ोत्तरी के अवसरों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि एक बगिया मां के नाम शासन की एक योजना है जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए है, जिसके तहत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उनकी 1 एकड़ निजी भूमि पर फलदार उद्यान लगाने के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, जिसमें पौधे, बाड़ और मजदूरी शामिल होती है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आय अर्जित कर सकें।

**इनकी रही उपस्थिति**-इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पाण्डेय, तहसीलदार संजय कुमार जाट, सहायक संचालक उद्यानिकी सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत राघवेन्द्र सिंह पटेल समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

**आयोजन** | जमुना कालरी में गूंजा हिंदू एकता का जयघोष, हिंदू सम्मेलन में संतों ने दिया पंच परिवर्तन और सामाजिक समरसता का मंत्र

# एक दूसरे के प्रति ईर्ष्या खत्म होगी तभी हिंदू समाज एक होगा : जया





**नवभारत, जमुना कालरी 22 जनवरी।** जमुना कालरी क्षेत्र गुरुवार को भगवामय हो गया। यहां आयोजित हिंदू सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत राम जानकी मंदिर से एक रैली के रूप में हुई। यह शोभायात्रा पूरे जमुना कालरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए स्टाफ दुर्गा पंडाल पहुंची, जहां इसने एक ऐतिहासिक धर्मसभा का रूप ले लिया। सम्मेलन में उपस्थित संतों और वक्ताओं ने हिंदू समाज को संगठित होने, पारिवारिक मूल्यों को बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कथा वाचक जया मिश्रा ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि केवल 'राम राज्य' की कामना करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि राम के दिखाए मर्यादा के मार्ग पर चलना भी होगा। उन्होंने समाज में व्याप्त ईर्ष्या और द्वेष पर प्रहार करते हुए कहा, 'हम रामायण और भागवत को तो मानते हैं, लेकिन रामायण और भागवत 'की' नहीं मानते। जब तक हमारे मन से एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्या खत्म नहीं होगी, हिंदू समाज एक नहीं हो सकता।'

### संगठित होना समय की मांग : मिश्रा

पंडित हरीनारायण मिश्रा ने कहा कि मनगढ़ंत बातों के बजाय हमारे ऋषियों द्वारा लिखित धर्मग्रंथ ही हमारे जीवन का आधार होने चाहिए। वर्ण व्यवस्था और सामाजिक समरसता पर बोलते हुए उन्होंने शरीर के अंगों का उदाहरण दिया। उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार हाथ, पैर और आंखों का कार्य अलग है, लेकिन वे एक ही शरीर का हिस्सा हैं, उसी प्रकार हमारी जातियां अलग हो सकती हैं, लेकिन हमारा मूल 'सनातन' एक है। उन्होंने आह्वान किया कि धर्म पर होने वाले आघातों का मुकाबला करने के लिए समाज को एक मुट्ठी बनकर खड़ा होना पड़ेगा।

### संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर दिया जोर

महाकौशल प्रांत के सेवा प्रमुख आत्माराम दीक्षित ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' के सूत्र को विस्तार से समझाया। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के संघर्षों को याद करते हुए वर्तमान समय में संयुक्त परिवार (कुटुंब प्रबोधन) की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री दीक्षित ने समाज के गिरते नैतिक मूल्यों पर चिंता जताते हुए एक व्यावहारिक सलाह दी कि परिवार को कम से कम भोजन के समय टीवी और मोबाइल से दूर रहकर एक साथ बैठना चाहिए और सुख-दुःख साझा करना चाहिए।

### प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का दिलाया संकल्प

इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए 'पन्नी (प्लास्टिक) मुक्त भारत' बनाने और हर घर में वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया, ताकि गौ माता और प्रकृति दोनों की रक्षा हो सके। इस विशाल समागम में उमड़ी भीड़ और वक्ताओं के विचारों ने क्षेत्र में धर्म और राष्ट्रभक्ति की एक नई अलख जगा दी है।